# हथियार की नोक पर बदमाशों ने बैंक में घुसकर 3.76 लाख रुपए लूटे

## गन लिये लुटेरों ने बैंक को बम से उड़ाने की धमकी देकर मैनेजर से 40 लाख रूपये की मांग की



हथियार सहित बैंक में घुसे नकाबपोश बदमाश।



पुलिस ने वारदात के बाद मौके पर जाकर जानकारी ली।

- पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज सहित हुलिये को जांच के दायरे में लेकर बदमाशों की खोज शुरू की
- पांच मिनिट बैंक में रुके दोनों लुटेरे कैशियर से 3 लाख 76 हजार रूपये लूटकर भाग गये

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। दिनदहाड़े बदमाश खोड़ा गणेश रोड़ स्थित इलाहबाद बैंक में घुस गये और हथियार की नौक पर स्टॉफ को कमरे में बंद कर कैशियर से करीब चार लाख नगदी लूटकर फरार हो गये। बैंक को डायनामाईट से उड़ाने की धमकी देने वाले बाईक सवार आरोपियों ने मैनेजर से 40 लाख रूपये की मांग की। वारदात को लेकर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज सहित हुलिये को जांच के दायरे में लेकर बदमाशों की खोजबीन शुरू कर दी है।

इलाहाबाद बैंक में शनिवार को दोपहर करीब सवा तीन बजे दो नकाबपोश बदमाश अंदर घुस गये। मैनेजर की कैबीन में जाकर 40 लाख रूपये की मांग की, नहीं देने पर बैंक को उड़ाने की धमकी दी गई, कहा कि डायनामाईट है, किसी को फोन किया तो फट जायेगा। बैंक मैनेजर ने कहा कि लॉकर की चाबी मेरे पास नहीं है। इंकार करने पर असिस्टेंट मैनेजर व एक अन्य कार्मिक के साथ दो ग्राहकों को भी गन प्वाइंट पर ले लिया। केवल पांच मिनिट बैंक में रुके दोनों लुटेरे कैशियर से 3 लाख 76 हजार 130 रूपये लूटकर भाग गये।

मदनगंज थाना प्रभारी घनश्याम सिंह ने बताया कि दोपहर 3 बजकर 22 मिनिट पर सूचना मिली कि इलाहाबाद बैंक में लूट की वारदात हुई हैं। इस पर बैंक पहुंचकर अधिकारियों से बातचीत की। लूट की सूचना पुख्ता होने पर क्षेत्र में नाकाबंदी करवाकर स्पेशल पुलिस टीम को इतला की गई। साथ ही सीसीटीवी खंगाले गए। सीसीटीवी फुटेज में दो नकाबपोश नजर आ रहे हैं और दोनों के हाथों में गन थी। एक ने हेलमेट पहन रखा था, जबकि दूसरे ने काला नकाब पहन रखा था। पुलिस उपाधीक्षक मनीष शर्मा व जिला स्पेशल टीम ने मौके पर पहुंचकर हर पहलू की बारीकी से पड़ताल की। बैंक अग्रसेन सर्किल से महज आधा किलोमीटर की दूरी पर है। इस मार्ग पर आमतौर पर वाहनों की आवाजाही कम रहती है। इसलिए बदमाशों ने संभवततया वारदात के लिए इसी बैंक शाखा को चुना।

बताया जा रहा है कि दोनों दोपहर करीब 3 बजकर 15 मिनिट पर बैंक में घुसे थे। एक मिनिट बाद नकाब पहना बदमाश बैंक मैनेजर कुलदीप सिंह के कक्ष में घुस गया और दूसरा हेलमेट पहना बदमाश बैंक के बीच खड़ा हो गया। नकाब पहना बदमाश बैंक मैनेजर को लेकर बाहर आया। अगले ही मिनट कैशियर से काउंटर पर रखी 3 लाख 76 हजार 130 रुपए की राशि लुटकर पांच मिनिट बाद 3 बजकर 20 मिनिट पर दोनों लुटेरे बाहर निकल बाइक से फरार होने में कामयाब हो गये। मदनगंज थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# निजी बस की डिक्की में 1.34 करोड़ का सोना-चांदी जब्त

## बीकानेर के युवक से 10 लाख रुपए जब्त, एक गिरफ्तार

- पाली के गुड़ा एंदला पुलिस और डीएसटी टीम ने कार्रवाई की

**पाली,** (नि.सं.)। निजी बस से सवा करोड़ का सोना-चांदी जब्त किया गया। वहीं 10 लाख रुपए के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया। रुपयों के बारे में युवक कोई जवाब नहीं पाया। पाली के गुड़ा एंदला पुलिस और डीएसटी टीम ने कार्रवाई की।

टीम ने शनिवार रात को गुजरात से आ रही ट्रेवल्स की बस को पणिहारी के पास रूकवाया था। बस की तलाशी के दौरान एक सवारी रेवन्तराम (48) पुत्र हेमाराम जाट के बैग में 10 लाख रुपए मिले। वह बीकानेर जिले के सुजानगढ़ रोड नोखा के रहने वाले है। रुपयों के बारे में वह कोई जवाब नहीं दे सका। टीम ने रुपयों को जब्त कर सवारी को शांतिभंग में गिरफ्तार किया।

**डिग्गी में मिला सवा करोड़ का सोना-चांदी :-** टीम को तलाशी के दौरान बस की डिग्गी में भी 186 किलो चांदी और 18.5 ग्राम सोना मिला। डिग्गी में रखने वाला व्यक्ति सामने नहीं आया। इस पर सोना-चांदी भी जब्त किया गया, जिसकी बाजार कीमत करीब 1 करोड़ 34 लाख 10 हजार 600 रुपए बताई जा रही है। पुलिस मालिक की तलाश में जुटी है।

# नागौर एस.पी. की गाड़ी ने मासूम को टक्कर मारी

## पुलिस ने ग्रीन कॉरिडोर बना घायल मासूम को जोधपुर रैफर किया

- एसपी नारायण टोगस सुरपालिया थाने का निरीक्षण कर नागौर लौट रहे थे

**नागौर,** (निसं)। नागौर के बुरड़ी गांव में जिला पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस की गाड़ी ने मासूम बच्ची को टक्कर मार दी, हादसे में मासूम घायल हो गई। जिसे नागौर के अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया, जहां कुछ ही देर में उपचार के बाद जोधपुर के एमडीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मासूम के लिए जोधपुर के एमडीएम अस्पताल तक ठीन कॉरिडोर बनाया।

वहीं हादसे के बाद भारी संख्या में पुलिस जाब्ता तैनात हो गया, लेकिन तब तक लोगों को महज हादसे के बारे में ही पता था। लेकिन बड़ी संख्या में पुलिस अस्पताल में उसी बच्ची के उपचार के लिए खड़ी होने से कई सवाल उठे। लेकिन धीरे-धीरे असल बात सामने आई की एसपी की गाड़ी की टक्कर से मासूम घायल हुई थी। जिससे बड़ी संख्या में पुलिस उस बच्ची के उपचार के लिए इमरजेंसी में तैनात थी।

जानकारी अनुसार सड़क हादसे में बुरड़ी गांव की सात साल की कुसुम पुत्री जगदीश जाट गंभीर रूप से घायल हो गई। गंभीर घायल को नागौर के जेएलएन हॉस्पिटल लाया गया।

जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जोधपुर रेफर कर दिया। दरअसल, एसपी नारायण टोगस सुरपालिया थाने का औचक निरीक्षण करने गए थे। दो दिन पहले ही उन्होंने नागौर एसपी का पद ग्रहण किया था। लेकिन सुरपालिया थाने से वापस लौटते समय बुरड़ी गांव की कुसुम पुत्री जगदीश जाट को कार ने टक्कर मार दी, जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गई।

# सड़क हादसे में सरपंच की पुत्रवधू व पोते की मौत

## तेज रफ्तार ट्रोले ने बाईक को चपेट में ले लिया था

**बांसवाड़ा,** (निसं)। सड़क हादसे में बोरदा सरपंच गौतमलाल बरोड़ की पुत्रवधू रेखा एवं पौते कियान की दर्दनाक मौत हो गयी। वहीं सरपंच पुत्र गंभीर रुप से घायल हो गया।

बताया जाता है कि सरपंच पुत्र विजयलाल अपनी पत्नी रेखा एवं तीन साल के बेटे कियान के साथ घाटोल से अपने घर की तरफ बाईक पर आ रहा था। घर से लगभग 200 मीटर की दूरी पर जब वह अपने निर्माणाधीन मकान की ओर मुड़ने लगा तो तेज रफ्तार से आ रहे ट्रोले ने बाईक को चपेट में ले लिया। ट्रोला बाईक को घसीटता हुआ कई फीट दूर तक ले गया और असंतुलित होकर पलट गया। इस हादसे में विजयपाल अपनी बाईक से दूर जा गिरा वहीं रेखा एवं कियान हवा में उड़कर सड़क पर जा गिरे और मौके पर ही दम तोड़ दिया। मोटागांव थानाधिकारी छबिलाल ने बताया कि घाटोल से गनोड़ा मार्ग पर विजयपाल की बाईक के पीछे एक ट्रोला बामनपाड़ा के घाटे की तरफ से तेज रफ्तार से आ रहा था। ट्रोले ने बाईक को चपेट में लिया तो धमाके की आवाज हुई।

कुछ ही देर में दुर्घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गयी। गंभीर रुप से घायल विजयपाल को 108 की मदद से जिला मुख्यालय रेफर किया गया। दुर्घटना के बाद ट्रोला चालक फरार हो गया। ट्रोले की रफ्तार का अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि ब्रेक लगाने पर कई फीट सड़क तक पहिये के निशान पड़ गये। घटना स्थल पर मोटागांव एवं घाटोल थाना पुलिस पहुंची एवं यातायात सुचारु किया। बताया जाता है कि विजयपाल खैरवा में शिक्षक है वहीं रेखा गोलियावाड़ा में पटवारी थी। विजयपाल घाटोल में अपने रिश्तेदार के यहां रहता था और निर्माणाधीन मकान की देखरेख के लिये अक्सर आता रहता था।

# नाल एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए फ्लाइट शुरू

**बीकानेर,** (कासं)। यहां नाल सिविल एयर पोर्ट पर दोपहर 3.15 बजे दिल्ली से विमान बीकानेर पहुंचा। अलायंस एयर की इस फ्लाइट से चार महीने से सुनसान पड़े एयरपोर्ट पर रौनक लौट आई। लम्बे समय बाद हवाई सेवा शुरू होने से एयरपोर्ट अधिकारियों और स्टाफ ने भी यात्रियों का स्वागत किया। फीता काटकर यात्रियों का एयरपोर्ट में दिल्ली की फ्लाइट में सवार होने के लिए रवाना किया गया। करीब चार महीने पहले एक मात्र दिल्ली-बीकानेर-दिल्ली हवाई सेवा को बंद कर दिया गया था। इसके बाद एयरपोर्ट पर कार्यरत स्टाफ और रनवे पर कभी कभार कोई निजी या विशेष विमान के आगमन पर ही हलचल होती थी। यात्रियों की चहल-पहल नहीं रहने से कई तरह की सुविधाएं भी बंद पड़ी थी।

# आठ दिन से लापता युवक का शव मिला



मृतक सेठ गुर्जर

- युवक एक सप्ताह पहले बीमारी का इलाज करने लालसोट गया था
- घटनास्थल से एफ.एस.एल. व एम.ओ.बी. टीम ने उठाए साक्ष्य

**लालसोट,** (निसं)। थाना क्षेत्र के खटुम्बर गांव के रहने वाले एक युवक सेठ गुर्जर का शव उसी के गांव के पास संदिग्ध हालातों में मिलने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक करीब एक हफ्ते पहले खुद की बीमारी इलाज करने के लिए लालसोट गया हुआ था वहां से ही लापता चल रहा था।

इस मामले को लेकर परिजनों द्वारा युवक सेट गुर्जर की गुमशुदगी का मामला भी लालसोट थाने में दर्ज करवाया था जिसके बाद से ही लापता युवक को पुलिस ढूंढने में लगी हुई थी। जहां शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक का शव खटुम्बर गांव के पास संदिग्ध हालातों में पड़ा हुआ है। वहीं शव को दो से तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो युवक की शिनाख्त गुमशुदा युवक सेठ गुर्जर के रूप में हुई।

वहीं सूचना मिलने पर घटनास्थल पर अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक रामचंद्र एवं थाना अधिकारी नाथूलाल मीणा द्वारा पहुंचकर घटनास्थल पर एमओबी व एफएसएल टीम को बुलाकर मौके से साक्ष उठाए गए। वहीं पुलिस द्वारा युवक के शव को लालसोट अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया एवं मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा सर्व परिजनों को सुपुर्द किया गया। वहीं पूरे मामले को लेकर लालसोट पुलिस थाना जांच में जुटी हुई है।

## युवक की मौत

**बीदासर,** (निसं)। निकटवर्ती गांव डुंगरास के क्रेसर स्टोन पर शुक्रवार की शाम माल की ढेरी ढह जाने से उसके नीचे दबने के कारण 24 वर्षिय सरदारशहर निवासी रामनिवास स्वामी की दर्दनाक मृत्यु हो गई। पुलिस सुत्रों के अनुसार मृतक के भाई संदीप स्वामी ने लिखित रिपोर्ट दर्ज करवाई कि मेरा भाई रामनिवास शुक्रवार को अपना डंपर में ग्राम डुंगरास स्थित जय माँ दुर्गा स्टोन क्रेसर से डंपर भरवा रहे थे। तब मेरा भाई स्टोन क्रेसर के लोडर के पास खड़ा था, उसी वक्त एक अन्य गाड़ी जिसको अन्य चालक चला रहा था। जिससे स्टोन क्रेसर माल की ढेरी के धक्का लगा। जिससे मेरा भाई माल के अंदर दब गया। उस वक्त हमने व अन्य लोगो ने माल हटाकर मेरे भाई को बाहर निकाला, तब वह बुरी तरह से घायल अवस्था में था। तो हम तुरन्त गाड़ी से बीदासर सीएचसी लेकर आये, जहाँ चिकित्सको ने जाँच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतका के भाई संदीप स्वामी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर शनिवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# सड़क से नीचे उतरी गाड़ी, मासूम की मौत

## माता-पिता भी गंभीर रूप से घायल

**डूंगरपुर,** (निसं)। डूंगरपुर सिमलावाडा मार्ग पर गेजी घाटा के निकट शविवार सुबह सड़क किनारे उतरी एको गाड़ी रिवर्स लेने के दौरान हादसे का शिकार हो गई।

हादसे में एक दो माह के बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं बच्चे के माता-पिता भी गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें 108 की मदद से डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचा गया। जहां घायलों का इलाज जारी है। जानकारी अनुसार गडा गोकल निवासी महेश पुत्र गोतम लाला आमलिया अपनी पत्नी बबली तीन बच्चों सहित अपने जीजा और बहन को लेकर एको गाड़ी लेकर गडा गोकल गणेशपुर गांव जा रहा था।

रास्ते में गेंजी घाटा के निकट सामने से अचानक से एक बडा वाहन आ गया। वाहन से बचाने के लिए महेश ने इको गाड़ी को सड़क किनारे उतार दी। जिसके बाद महेश ने इको गाड़ी को रिवर्स लेकर सडक पर लाने के दौरान गाडी पलट गई। गाडी के पलटने से अंदर बैठे लोगो में चीख उपकार मचा गई। सडक से गुजार रहे लोगों ने चीख सुनकर दौड़ कर पहुंचे तथा गाड़ी में फंसे लोगों को व बच्चों बाहर निकाला और 108 की मदद जिला अस्पताल में पहुंचा। हादसे में पति-पत्नी को गंभीर चोटे आई है। वहीं दो माह के बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई।

# झांसा देकर जेवर व नकदी ठगी

**उदयपुर,** (कासं)। सुखेर थाना क्षैत्र में कार में सवार बदमाश राह चलते पीडित को झांसे में लेकर जेवर व नकदी की ठगी कर ले गए। अशोक कुमार ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि 6 सितंबर रात में मैं मेडिकल स्टोर पर रूपये जमा करवा कर वापस पैदल घर लौट रहा था। इस दौरान रूकी कार में सवार साधु वेश में व्यक्ति ने आवाज लगाई। पास पहुंचने पर हुई बातचीत के दौरान हाथ मिलाया। इस दौरान उसने मेरे हाथ से सोने की अंगुठी व जेल से करीब 15 हजार रूपये निकाल ली तथा मौके से फरार हो गए।

# पति-पत्नी ने फंदा लगाकर आत्महत्या की

## मृतकों के पास खाली डिब्बे के टुकड़े पर सुसाइड नोट की चार लाइन लिखी मिली

**करौली,** (निसं)। सपोटरा उपखण्ड के गोपालपुर गांव में एक पति-पत्नि ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली जिनके शव के पास चार लाइन का लिखा सुसाइड नोट भी मिला है। करौली जिले के सपोटरा उपखंड की सिमिर ग्राम पंचायत के गोपालपुर गांव में एक दम्पति ने फंदे पर लटककर अपनी जान दे दी। सूचना मिलने पर पहुंची सपोटरा थाना पुलिस में मृतकों के शव फंदे से उतार कर हाडौती हॉस्पिटल पहुंचाये मृतकों के पास एक खाली डिब्बे के टुकड़े पर सुसाइड नोट की चार लाइन लिखी मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सपोटरा थाना अधिकारी यशपाल सिंह ने बताया कि सिमर ग्राम पंचायत के गोपालपुर गांव में एक दंपति फंदे पर लटका हुआ होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो बंद कमरे में पति-पत्नी फंदे पर लटके हुए मिले। परिजन और लोगों की मदद से कमरे के किवाड़ खोलकर शवो को फंदे से उतरा और उन्हें हाडौती अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया उन्होंने बताया कि मृतक राजू बैरवा पुत्र रंगजी और कविता पत्नी राजू बैरवा निवासी गोपालपुर है। मृतक सुसाइड नोट छोड़ गए है। सुसाइड नोट में लिखा है कि सासू मां मुझे माफ करना आपने मुझे इस कदर मजबूर कर दिया कि मुझे इतना बड़ा कदम उठाना पड़ा हमारी मौत के जिम्मेदार हम खुद हैं किसी पर कोई जवाब नहीं है मैं हार चुका हूं इसलिए जा रहा हूं। सुसाइड नोट मिलने के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं पुलिस पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही है। मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों के सुपुर्द कर दिए।

# पीट-पीटकर युवक की हत्या, मुख्य आरोपी दस्तयाब

- ई-मित्र संचालक से चार दिन पहले हुई थी कहासुनी
- ई-मित्र संचालक और उसके दोस्तों ने मिलकर की वारदात

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के बासनी रेलवे स्टेशन के बाहर पार्किंग में शुक्रवार की देर शाम को ई-मित्र संचालक और उसके दोस्तों ने मिलकर एक युवक पर लाठियों-डंडों से हमला कर दिया। हमले में घायल युवक को एम्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जिसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया और हत्या के मुख्य आरोपी को दस्तयाब कर लिया। भगत की कोठी थाने में हत्या का केस दर्ज हुआ है। उसके अन्य साथियों की तलाश जारी है। इधर पुलिस ने दोपहर में शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा परिजन को सुपुर्द किया। तीन चार दिन पहले ई-मित्र संचालक और मृतक के बीच हुई कहासुनी हुई थी।

थानाधिकारी सफीक मोहम्मद ने बताया कि मूलत: उत्तरप्रदेश हाल रामेश्वर नगर निवासी 48 साल के रण विजय यादव पुत्र उदयराज यादव की हत्या की गई है। उसकी तीन-चार दिन पहले ई-मित्र संचालक देव शर्मा के साथ किसी बात को लेकर बहसबाजी होने के साथ विवाद हो गया था। रण विजय यादव द्वारा उससे गाली गलौच भी की गई थी। तब मामला सुलझ गया था।

शुक्रवार की देर शाम रणविजय यादव बासनी रेलवे स्टेशन के बाहर पार्किंग में बैठा था। तब ई-मित्र संचालक देव शर्मा भी वहां अपने कुछ दोस्तों के साथ पहुंच गया। पूर्व में हो रखी आपसी बोलचाल को लेकर इनमें फिर से विवाद हो गया। तब देव शर्मा और उसके साथ आए 7-8 युवकों ने लाठियां, डंडों से उसकी बुरी तरह पिटाई कर डाली। इससे रणविजय यादव बुरी तरह जख्मी हो गया। उसके नाक से खून रिसने लगा था। बाद में उसने भाई शिकारगढ़ निवासी दुर्ग विजय को फोन कर जानकारी दी। इस पर खुद रणविजय एम्स अस्पताल में भर्ती हो गया। वहां रणविजय की उपचार के बीच में मौत हो गई।

थानाधिकारी सफीक मोहम्मद ने बताया कि देव शर्मा और मृतक के बीच में ई-मित्र को लेकर कहासुनी हुई थी। रणविजय ने ईमित्र को लेकर गलत टिप्पणी करने के साथ गाली गलौच भी किया। गाली देव शर्मा को चुभ गई। इस बात लेकर उसने फिर से विवाद किया। मामले में अब मृतक रण विजय के भाई दुर्ग विजय की तरफ से भगत की कोठी थाने में हत्या की रिपोर्ट दी गई है। शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा परिजन को सुपुर्द कर दिया गया।

# धारदार हथियार से व्यक्ति की गला काटकर हत्या

- मृतक राधेश्याम पाल पांच दिन पूर्व ही अपने गांव खावदा लौटा था

**करौली,** (निसं)। गज्जूपुरा ग्राम पंचायत के खावदा गांव में चारपाई पर सों रहे एक व्यक्ति की धारदार हथियारों से गला काटकर हत्या कर दी जिसकी पुलिस जांच कर रही है। करौली जिले के सपोटरा उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत गज्जूपुरा के खावद्रा गांव में चारपाई पर सो रहे एक व्यक्ति की धारदार हथियारों से गला काटकर हत्या कर दी। हत्या की सूचना पर सपोटरा थाना अधिकारी यशपाल सिंह और पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंची जहां घटना की जानकारी लेते हुए उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। मौके पर एफएसएल टीम को भी करौली से बुलाया जहां साक्ष्य जुटाए गए।

सपोटरा थाना अधिकारी यशपाल सिंह ने बताया कि खावदा निवासी राधेश्याम पाल गुजरात में अपनी पत्नी देवेंद्र कवर के साथ मजदूरी का कार्य करता था। राधेश्याम के दो बेटे जयपुर में रहकर मजदूरी का कार्य करते हैं। राधेश्याम पाल गत पांच दिन पूर्व ही अपने गांव खवदा लौटा था। रात को उसने अपनी पत्नी, बड़े बेटे गोविंदपाल की पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ शराब पार्टी की थी। राधेश्याम पाल की पत्नी देवेंद्र कंवर ने थाना अधिकारी यशपाल सिंह को बताया कि शराब पीने के बाद खाना खाकर सब लोग सो गए। प्रात: जब वह दूध निकालने के लिए अपने पति को जगाने कमरे में गई तो उसकी गर्दन धारदार हथियार से कटी हुई थी और कमरे में खून फैला हुआ था। पत्नी ने कमरे में खून देखा तो तुरंत अन्य परिवार जन को घटना की जानकारी दी। सपोटरा थाना अधिकारी और पुलिस घटना को लेकर परिवार के सदस्यों से पूछताछ कर रही है। एफएसएल टीम को भी करौली घटना स्थल पर साक्ष्य जुटाने के लिए बुलाया घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। वहीं पुलिस ने मृतक के शव को अस्पताल पहुंचाकर पोस्टमार्टम कराते हुए परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

# छोटे भाई की सरिए से हमला कर हत्या

## छोटे भाई के हिस्से का बाजरा काटकर अपने घर ले आया था बड़ा भाई

- इसी पर देर रात दोनों भाईयों में बहस हो गई थी

**भरतपुर,** (निसं)। उद्योग नगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात बड़े भाई ने सोते हुए अपने छोटे भाई के सिर पर सरिए जैसे हथियार से हमला कर हत्या कर दी। बड़ा भाई छोटे भाई के हिस्से का बाजरा काटकर अपने घर ले आया था। इसी पर देर रात उनके बीच बहस हो गई थी।

उद्योगनगर थाना इंचार्ज राकेश ख्यालिया ने बताया कंट्रोल रूम से आज सुबह 7 बजे सूचना मिली थी कि थाना इलाके के कुम्हेर तहसील के ताखा गांव में रात में एक युवक की मौत हो गई। पिता ने सूचना दी कि उसके बड़े बेटे लोकेश ने छोटे धनवीर का सिर फोड़कर मर्डर कर दिया है। बॉडी को डिस्पोज करने की कार्रवाई की जा रही है। इस पर उद्योगनगर थाना से पुलिस टीम सुबह 8 बजे ताखा गांव पहुंची। बॉडी का निरीक्षण किया तो सिर पर गहरी चोट मिली। युवक के सिर पर सरिए या किसी धारदार हथियार से चोट कर हत्या की गई है। आरोपी को डिटने करने की कोशिश कर रहे हैं। बॉडी को पोस्टमॉर्टम के लिए भरतपुर के जिला हॉस्पिटल लाया गया। जहां से पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को शव सौंप दिया गया। पिता पूरण सिंह ने बताया शुक्रवार को खेत से बाजरे की फसल काटकर घर में लाई गई थी।

बड़ा बेटा लोकेश अपने छोटे भाई धनवीर की फसल भी काटकर घर ले आ आया था। इसी पर दोनों भाइयों के बीच शुक्रवार रात बहस हो गई थी। लोकेश शादीशुदा है जबकि धनवीर की शादी नहीं हुई थी। रात में दोनों शराब के नशे में थे। इस दौरान फसल बंटवारे को लेकर बहस हो गई। शराब पीकर वे झगड़ पड़े। मामला शांत हुआ तो सभी लोग सो गए। रात करीब 12 बजे लोकेश उठा और सोते हुए धनवीर के सिर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। धनवीर जोर से चिल्लाया तो परिजन उठे। तब तक लोकेश मौके से फरार हो गया। धनवीर की थोड़ी देर में ही मौत हो गई। इसके बाद घर के बाकी सदस्य सुबह गुपचुप अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे कि पिता ने पुलिस को सूचना दे दी।